**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 05.05.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **भाजपा ने पश्चिम बंगाल और असम में अपनी शानदार चुनावी जीत के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया की तेज, विधायक दल के नेता के चयन के लिए अमित शाह और जेपी नड्डा पर्यवेक्षक नियुक्त।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने गुमला से सात साल पहले लापता हुई बच्ची के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी, जांच सीबीआई को सौंपने की दी चेतावनी।**
3. **पलामू में प्रमंडलीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन, वित्त मंत्री और पंचायती राज मंत्री ने कहा–हाईटेक होंगी पंचायतें और मुखियाओं को मिलेगा सम्मान।**
4. **वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ खोला मोर्चा, प्रदेश प्रभारी को फिर लिखा पत्र, नेतृत्व पर उठाए सवाल।**
5. **रांची, धनबाद और दुमका समेत कई जिलों में 60 किमी की रफ्तार से आंधी और वज्रपात की आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

******************

भाजपा ने पश्चिम बंगाल और असम में अपनी शानदार चुनावी जीत के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है। पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए वरिष्ठ पार्टी नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को राज्य में केंद्रीय सह–पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, असम में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को केंद्रीय सह–पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन नामों को भाजपा संसदीय पर्यवेक्षक बोर्ड ने मंजूरी दी।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने गुमला से सात साल पहले लापता हुई छह वर्षीय बच्ची के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी है। अदालत ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी सुराग न मिलना पुलिस की घोर लापरवाही और कमजोर अनुसंधान को दर्शाता है। अदालत ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में ठोस प्रगति नहीं हुई, तो जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि तलाश के लिए कई राज्यों में टीमें भेजी गई हैं।

******************

पलामू के मेदिनीनगर के गांधी स्मृति भवन में आज मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार और मुखिया सम्मेलन का आयोजन हुआ। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इसका शुभारंभ किया। वित्त मंत्री ने मंइयां सम्मान योजना की सराहना की और मुखियाओं को डिजिटल माध्यमों से सशक्त होने की अपील की।

मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायतों को हाईटेक बनाने और मुखियाओं को सम्मानजनक मानदेय देने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्यों को भी विकास का भागीदार बनाया जाएगा।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरना धर्म कोड पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जब भी कोई फैसला लेगी, तो समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर लेगी। श्री मरांडी ने स्पष्ट किया कि केंद्र किसी का विरोध नहीं करता और सभी की भावनाओं का सम्मान करना प्राथमिकता है।

******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने ग्रामीण कार्य विभाग में चल रही टेंडर प्रक्रिया और कार्य आवंटन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। रांची में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने कहा कि विभाग के इंजीनियरों को एक व्यक्ति द्वारा धमकाया जा रहा है, जो अधिकारियों पर किसी खास व्यक्ति को काम देने का दबाव बना रहा है। भाजपा नेता ने टेंडर प्रक्रिया में हस्तक्षेप के दावों और संदिग्ध पत्रों की फॉरेंसिक जांच की मांग की है।

*******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज रांची के धुर्वा स्थित हाईजेनिक फिश मार्केट का औचक निरीक्षण किया। बाजार में अव्यवस्था देखकर मंत्री ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और 10 दिनों के भीतर व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्य के हर जिले में आधुनिक मत्स्य बाजार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

*******************

देश के कपास क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पांच हजार छह सौ उनसठ करोड़ रुपये के परिव्यय वाले कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य कपास की खेती में आने वाली बाधाओं को दूर करना और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत रोगों और कीटों से लड़ने में सक्षम उच्च उपज वाले बीज विकसित किए जाएंगे और आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे देश के लगभग 32 लाख कपास किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

*******************

झारखंड कांग्रेस में अंदरूनी कलह गहराती जा रही है। प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लगातार दूसरे दिन प्रदेश प्रभारी के. राजू को पत्र लिखकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। श्री किशोर ने हाल ही में घोषित 314 सदस्यीय प्रदेश कमिटी को जंबो जेट करार देते हुए तंज कसा कि सदस्यों की संख्या चाहे कितनी भी बढ़ा दी जाए, जब तक नेतृत्व की कार्यप्रणाली नहीं बदलेगी, संगठन मजबूत नहीं होगा। अपने पत्र में उन्होंने परिवारवाद पर प्रहार करते हुए दलित, पिछड़ों और आदिवासियों की अनदेखी का आरोप लगाया है। साथ ही, उन्होंने जे–टेट नियमावली में मगही और भोजपुरी जैसे विषयों को शामिल नहीं करने जैसे नीतिगत मुद्दों पर भी सवाल उठाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि उनका यह सार्वजनिक विरोध संगठन के हित में है, क्योंकि जनता नेतृत्व की विफलताओं को देख रही है।

*******************

चतरा में हुए दर्दनाक एयर एम्बुलेंस हादसे के महीनों बाद भी मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिला है। हादसे में जान गंवाने वाले डॉ. विकास कुमार के पिता बजरंगी प्रसाद ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। मुआवजा के लिए उन्होंने लोकभवन से भी गुहार लगायी है, ताकि आर्थिक संकट से परिवार को निजात मिल सके।

*******************

रांची में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। डीटीओ अखिलेश कुमार के नेतृत्व में आज कई प्रमुख स्कूलों की बसों और वैन की सघन जांच की गई। क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने वाले वाहनों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया गया। विभाग ने चेतावनी दी है कि सुधार न होने पर वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा।

*******************

राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने आज रांची, धनबाद और दुमका समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और वज्रपात की आशंका है। पूरे राज्य में 10 मई तक येलो अलर्ट रहेगा। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*************